कार्यालय,रक्षा लेखा महानियंत्रक,
उलन बटार रोड, पालम, दिल्ली छावनी-110010

(हिंदी कक्ष)

सं0 0746/हि0क0/हि0प0/मु0का0 **दिनांक: 28 जुलाई, 2015**

सेवा में

प्रधान लेखा नियंत्रक(फै0)/
सभी रक्षा लेखा प्रधान नियंत्रक/रक्षा लेखा नियंत्रक

विषय : हिंदी दिवस/पखवाड़े के अवसर पर रक्षा लेखा विभाग के कार्यालयों में हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन।

****

रक्षा लेखा विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों में राजभाषा हिंदी के प्रति जागरुकता तथा उसके उत्तरोत्तर प्रयोग में गति लाने के उद्देश्य से प्रतिवर्ष हिंदी दिवस/हिंदी सप्ताह/हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया जाता रहा है। गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी सितम्बर माह में हिंदी पखवाड़े का आयोजन किया जाए। साथ ही 14 सितम्बर को 'हिंदी दिवस' समारोह का आयोजन भी किया जाए।

आपसे अनुरोध कि अन्य वर्षों की तरह इस वर्ष भी रक्षा लेखा विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों में हिंदी के प्रयोग को बढ़ावा देने, उन्हें प्रोत्साहित व प्रेरित करने के उद्देश्य से संगठन के सभी कार्यालयों में हिंदी प्रतियोगिताओं का आयोजन करवाया जाए और इसमें भाग लेने के लिए अधिकाधिक कार्मिकों को प्रोत्साहित किया जाए। सभी विजेताओं को पुरस्कृत किए जाने के लिए संबंधित कार्यालयों को उपयुक्त राशि भी स्वीकृत की जाए। हिंदी पखवाड़े के आयोजन के उपरांत आयोजन संबंधी एक रिपोर्ट यथा समय मुख्यालय कार्यालय को प्रेषित की जाए।

इस संबंध में इस राजभाषा विभाग का दिनांक 20.7.1998 का का.ज्ञा.सं. I/14034/2/98 अवलोकनीय है।

रक्षा लेखा संयुक्त महानियंत्रक(लेप.) महोदय के अनुमोदन से जारी।

कृपया पावती दें ।

(दिलीप कुमार)
सहायक निदेशक (रा.भा.)

प्रतिलिपि :
ई.डी.पी कक्ष : वैबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
(स्थानीय)

सहायक निदेशक (रा.भा.)

My computer/E:/Hindi Pakhwara